प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.05.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार चरम पर है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज प्रदेश के एक दिवसीय चुनावी दौरे पर हैं। इस दौरान वह नाहन और मंडी में भाजपा की विजय संकल्प रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री पहले सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन के चौगान मैदान में शिमला संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप और इसके बाद मंडी के पड्डल मैदान में पार्टी उम्मीदवार कंगना रनौत के पक्ष में चुनाव रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता व सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत कुटलैहड़ और श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत ऊना जिला के मैहतपुर और कांगड़ा जिले के ढलियार में प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में जबकि मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह करसोग विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे।

इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता व गृह मंत्री अमित शाह भी कल प्रदेश के एक दिवसीय दौरे रहेंगे। अमित शाह हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत मेला ग्राउंड अम्ब और धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 26 मई को शिमला संसदीय सीट के तहत नाहन और हमीरपुर संसदीय सीट के तहत ऊना में चुनावी जनसभाएं करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कल शिमला के रोहडू में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी महासचिव प्रियंका वाड्रा 27 से 30 मई तक मंडी, शिमला और सोलन ज़िलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगी।

जयराम ठाकुर

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत को हिमाचल के लोग बेताब हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि अपने प्रिय नेता को देखने व सुनने के लिए भारी संख्या में लोग नाहन और मंडी आ रहे हैं। उन्होंने कल मंडी में प्रधानमंत्री की रैली के प्रबंधों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है और आज राज्य में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित हुआ है।

हाईकोर्ट

प्रदेश उच्च न्यायालय ने सेवानिवृत कर्मियों को वर्ष 2016 से बढ़े हुए संशोधित वेतनमान का लाभ देने के प्रदेश सरकार को आदेश दिए हैं। ये याचिकाकर्ता वर्ष 2016 से वर्ष 2022 के बीच सेवानिवृत हुए थे। न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह फैसला सुनाया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। पिछले कल प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश हुई जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले लगभग एक सप्ताह तक मौसम साफ बना रहेगा जिससे तापमान में तेज वृद्धि होगी और मैदानी इलाकों में लोगों को लू जैसे हालात का सामना करना पड़ सकता है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री के हिमाचल दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण की सुर्खी है पीएम मोदी आज मंडी व नाहन से साधेंगे पूरा हिमाचल। दैनिक भास्कर का शीर्षक है पीएम नरेंद्र मोदी आज नाहन और मंडी में करेंगे चुनावी रैली, सुरक्षा चाक–चौबंद। दिव्य हिमाचल लिखता है प्रधानमंत्री की रैली के लिए सज गया पड्डल मैदान। पंजाब केसरी के मुताबिक मोदी आज नाहन व मंडी तो शाह की कल हमीरपुर व कांगड़ा में चुनावी जनसभाएं।

हिमाचल में कांग्रेस ने तय की स्टार प्रचारकों की जनसभाएं शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है खड़गे 25 को, प्रियंका 29 को भरेंगी चुनावी हुंकार। दैनिक जागरण के अनुसार छह दिन हिमाचल में रहेगा कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व।

मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक जागरण ने सुर्खी दी है 14 महीने की विधायकी में भुट्टो की संपत्ति कैसे 14 करोड़ बढ़ी। आपका फैसला के शब्द हैं सुधीर ने भाजपा के हाथों अपना जमीर बेचा। दिव्य हिमाचल का कहना है चुनाव में जनबल जीतेगा, धनबल हारेगा।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है 16 माह में प्रदेश सरकार ने केवल एक ही काम किया, वह है ऋण लेना।

अमर उजाला की एक खबर है हाईकोर्ट ने सरकार को दिए आदेश–सेवानिवृत कर्मियों को 2016 से दें संशोधित वेतनमान।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है राजधानी में बरसे बादल, पालमपुर में ओले, ऊना में झुलसाने वाली गर्मी से राहत नहीं। दैनिक भास्कर का शीर्षक है शिमला में बारिश, मैदानी जिलो में लू जैसे हालात, 27 तक हीटवेव का येलो अलर्ट।